हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 30 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर



04 कलेक्टर बोले- विद्यार्थी की सफलता में शिक्षकों की...





07 कबीर मंदिर वाली गली में जल संकट और बर्बादी...




## गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व पर गुरु-शिष्य परंपरा का हुआ भावपूर्ण सम्मान

# प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में हमारा गुरु ही होता हैः राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ अभिनंदन कर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को साकार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. सोलंकी, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम राठौर, डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. धीरज कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रारंभ में प्रो. धीरज कुमार शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से वर्षभर आयोजित होने वाले शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। मुख्य वक्ता सीताराम राठौर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि जीवन का प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में हमारा गुरु होता है। यदि सीखने की ललक और गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण एवं अनुशासन हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने एकलव्य के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चा शिष्य वही है जो अपने गुरु के आदर्शों को जीवन में उतारकर समाज के लिए प्रेरणा बने। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. बी. के. सोलंकी ने कहा कि गुरु केवल विषय ज्ञान नहीं देते, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा को आत्मसात करते हुए जीवन में अनुशासन, नैतिकता एवं उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। भारतीय संस्कृति की गरिमा से ओतप्रोत इस आयोजन ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी वातावरण से भर दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्रो. हर्षवर्धन राठौर ने किया तथा प्रो. राजेश पाटील ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण,अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## गुरु पूर्णिमा पर ग्राम गुदरावन में भैरव पूजन की अनोखी परंपरा



**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम गुदरावन में गुरु पूर्णिमा के दिन ग्राम के भैरव मंदिर में समस्त चौधरी परिवारों द्वारा सामूहिक पूजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न स्थानों के चौधरी गोत्रीय बंधुओ द्वारा भाग लिया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन भैरव मंदिर में सामूहिक पूजन के इस आयोजन में ग्राम गुदरावन सहित असनावर, बड़ोदिया, दावतपुर, छोटी सोयत, गोठड़ा आदि गांव में बसे समस्त चौधरी परिवार पूर्ण श्रद्धा भाव से सामूहिक रूप से एकत्रित होकर ढोल नगाड़ों के साथ महिलाएं पुरुष बच्चे श्रद्धा के साथ सम्मिलित होते हैं। जिन परिवारों में बच्चों का 1 वर्ष के भीतर जन्म होता है उनका मुंडन संस्कार भी इस मौके पर किया जाता है। चौधरी गोत्रीय बंधुओ द्वारा भैरव महाराज को बाटी चूरमा एवं चना और गेहूं के बाखला का भोग लगाकर खुशी में भैरव महाराज को खाट बनाकर चढ़ाया जाता है। एवं अच्छी वर्षा की कामना के साथ परिवार में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाती है। ग्राम में यह अनूठी परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है जिससे एकता का भाव मजबूत होता है।

## सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूर्णिमा पर्व पर हुआ गुरु पूजन और भंडारे का आयोजन



**नलखेड़ा।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर माँ बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर भक्तों द्वारा परमपूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री सांदीपेन्द्र जी महाराज (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) का गुरु पूजन किया गया। गुरु पूजन का कार्यक्रम प्रातःकाल से देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में आश्रम पहुंचे भक्तों के साथ कई जनप्रतिनिधि संतो व अन्य प्रदेशो से आए भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ गुरुपूजन कर आरती की गई। वही इस दौरान कई भक्तो को संत श्री द्वारा गुरु दीक्षा भी प्रदान की गई। प्रातः 11 बजे से भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई।



## गोद ग्राम नरधारी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दलौदा मंदसौर



शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद ग्राम नरधारी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी प्रो. गोविंद कुमार राठौर, सदस्य डॉ. रजाक मेवा फ़रोश, ग्राम नरधारी की सरपंच श्रीमती यास्मीन जमील, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर तथा उनका संरक्षण करके ही स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी प्रो. गोविंद कुमार राठौर ने बताया कि एनएसएस का उद्देश्य केवल समाज सेवा ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करना भी है। गोद ग्राम में नियमित रूप से स्वच्छता, स्वास्थ्य, साक्षरता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीणों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित हो सके। डॉ. रजाक मेवा फ़रोश ने कहा कि एक पौधा केवल वृक्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, छाया और जीवन का आधार है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पौधारोपण के महत्व, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।

## डिवीएम विद्यालय में गुरु पूर्णीमा महोत्सव मनाया गया



**मंदसौर।** शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था दशपुर विद्या मंदिर(ऊश्ट) किटियानी मंदसौर मे आज गुरु पूर्णीमा महोत्सव का आयोजन किया गया' इस अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन कर माल्यार्पण किया गयोविद्यार्थियों ने गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए अपने प्रेम को प्रकट किया साथ ही संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया' नन्हे प्रतिभागीयो ने गुरु पूजन किया' और विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने विद्यालय मैनेजमेंट, प्राचार्य, और शिक्षकों के प्रति श्रद्धा, प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।

## सेंट कबीर पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

सभी छात्र छात्राओं और स्टाफ सदस्यो द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठट पत्रकार शिक्षाविद गायत्री प्रसाद शर्मा ने गुरु की महत्ता और जीवन में गुरु के महत्व को बताते हुए गुरु पुर्णिमा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गायत्री प्रसाद शर्मा ने कहा कि अति प्राचीन काल से ही गुरु शिष्य परंपरा चली आ रही है पहले बच्चे आश्रमों में रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे वे अपने सारे दैनिक कार्य और आश्रम की सारी जिम्मेदारी खुद उठाते थे आश्रमों में गुरु का आदेश सर्वोपरि होता था, शिष्य भी गुरु की आज्ञा का पालन अपने प्राणों की बाजी लगाकर कर करते थे। उन्होंने बच्चों को एकलव्य और अरुणि की कहानी सुनाकर उनसे प्रेरणा लेने हेतु कहा इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता भदौरिया, निमिषा अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे , बच्चों ने सरस्वती वंदना और गुरुओं के प्रति आभार हेतु शुक्रिया शुक्रिया गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी साथ ही भाषण कविता, गीत और गुरु के महत्व पर कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन फरहत फातेमा और माहेनूर ने किया व आभार श्रीमती महक भावनानी ने माना इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के सदस्य समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित थे।

## दिव्यांक सिंह ने मंदसौर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया

**मंदसौर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दिव्यांक सिंह ने बुधवार को मंदसौर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बेच के अधिकारी दिव्यांक सिंह इसके पूर्व अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल में पदस्थ थे। पदभार ग्रहण अवसर पर अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन डीएफओ संजय राय खेरे आदि उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यालयो का निरीक्षण किया गयाअधिकारियों कर्मचारियों से चर्चा की गई।

## प्रतिभा स्पॉटलाइटः सेवा के माध्यम से शिक्षा का सशक्तिकरण

# आस्था, आनंद और सेवा का अनुपम त्रिवेणी संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



भारतीय जैन संगठना (बीजेएस) मंदसौर चैप्टर की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चैप्टर द्वारा जुलाई माह को ₹बीजेएस जुलाई महोत्सव₹ के रूप में मनाया गया। पूरे माह में आस्था, आनंद एवं सेवा का अद्भुत संतुलन स्थापित करते हुए तीन प्रेरणादायी प्रकल्पों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रथम प्रकल्प के अंतर्गत संगठन की सदस्याओं के सशक्तिकरण, मनोरंजन एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुंदरवन पार्क में एक भव्य एडवेंचर थीम पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोमांच से भरपूर एडवेंचर गतिविधियाँ, मनोरंजक गेम्स एवं आकर्षक हाउजी का आयोजन हुआ। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए तथा सभी सदस्याओं के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। चैप्टर की अधिकांश सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार एवं सफल बनाया।

द्वितीय सेवा प्रकल्प फाउंडेशन प्रोग्राम प्रतिभा स्पॉटलाइट के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, चंद्रपुरा में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन कक्षाओं में सीलिंग फैन स्थापित किए गए। यह सेवा कार्य सुश्री इष्ठा भाचावत द्वारा अपने स्वर्गीय पिताश्री श्री धनसुखलाल भाचावत के जन्मदिवस की पुण्य स्मृति में समर्पित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

तृतीय एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रकल्प के रूप में चैप्टर द्वारा पंचतीर्थ यात्रा का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह मंगलमय यात्रा मंदसौर से प्रारंभ होकर सीतामऊ स्थित जहाज मंदिर, आनंदधाम घसोई, परासली, नागेश्वरजी तीर्थ एवं अष्टापदजी तीर्थ तक अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने विभिन्न तीर्थों पर सेवा-पूजा, आरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ प्राप्त कर धर्मलाभ अर्जित किया।

अध्यक्ष श्वेता पोरवाल एवं सचिव श्रीमती सुनीता बंडी ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी तीर्थों पर पूजा, आरती एवं अन्य धार्मिक आयोजनों का लाभ चैप्टर के लाभार्थियों के सहयोग से संपन्न हुआ। उन्होंने इस सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लाभार्थियों, गुरुजनों एवं सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनकी खूब-खूब अनुमोदना की। वास्तव में, बीजेएस जुलाई महोत्सव ने आस्था, आनंद और सेवा—इन तीनों मूल्यों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हुए समाज में एक प्रेरणादायी संदेश दिया।

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में मनाई गुरु पूर्णिमा

# अच्छे शिक्षक आप तभी बन सकोगे जब आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली होगाः डॉ. ज्योति मेवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मन्दसौर

सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा मनाई गई । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में प्रशांति कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, उज्जैन की प्राचार्य डॉ. ज्योति मेवाल अतिथि के रूप में उपस्थित रही । अतिथि परिचय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी दीदी ने दिया । अतिथि स्वागत बी. एड.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राध्यापिका प्रियंका मालवीय एवं छात्राध्यापक देवीलाल गरवाल ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि डॉ. ज्योति मेवाल ने सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा की एक अच्छे शिक्षक आप तभी बन सकोगे जब आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली होगा । उसके लिए अच्छे शिक्षक के सारे गुण आप में विद्यमान होना आवश्यक है । जिसमें सबसे महत्वपूर्ण स्वयं की गरिमा को बनाये रखना। एक अच्छा विद्यार्थी शिक्षक से ज्ञान के अलावा अपने व्यवहार को भी कुशल बनाना सीखता है । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन केवल उत्सव मनाने का नहीं बल्कि अपने गुरुओं के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का दिन है। आप सभी अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनाए और उनके बताए रास्ते पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएं। मैं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को धन्यवाद देती हूँ,जो निरंतर मेहनत और समर्पण से विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने भी सभी को गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राध्यापिका मृदुल शर्मा ने किया । आभार चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राध्यापिका प्रज्ञा पाटीदार ने माना। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बी. एड व डी. एल. एड. के छात्राध्यापक उपस्थित रहें ।



## 'गुरु ही विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा प्रदान कर चरित्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं'

**सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया**

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा षष्ठी से द्वादशी तक के भैया-बहिनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर भैया-बहिनों ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गीत, कविता एवं प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान सभी भैया-बहिनों ने संपूर्ण आचार्य परिवार का तिलक लगाकर सम्मान किया तथा उनके प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर नितेश जैन ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए परम पवित्र भगवा ध्वज के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को उसके आदर्शों एवं प्रेरणादायी स्वरूप से अवगत कराया। विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर सोलंकी ने अपने उद्बोधन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा प्रदान कर उन्हें संस्कार, ज्ञान एवं चरित्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

# संघ का भगवा ध्वज उर्जा और बलिदान का प्रतीकः सह जिला कार्यवाह प्रकाश व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा मंदसौर



मनुष्य में स्वाभाविक रूप पद का अंहकार आ सकता है, वहीं एक समय बाद मनुष्य को अपना जीवन पूरा कर ईश्वर की शरण में जाना ही पड़ता है, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गहन विचार विमर्श व सोच समझ कर व्यक्ति की अपेक्षा पवित्र भगवा ध्वज को गुरु का दर्जा दिया, भगवा ध्वज ऊर्जा का प्रतीक है जो व्यक्ति को जीवन में सकारात्मक सोच के साथ अपना सर्वोच्च करने की क्षमता प्रदान करता है। उक्त विचार गुरु पूर्णिमा पर्व पर अपने द्वारा दिए गए धारदार बौद्धिक में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के बीच में उद्बोधन देते हुए जिला कार्यवाह प्रकाश व्यास ने संबोधित किया।

व्यास ने कहा कि हमारी फुट के कारण मुगलो अंग्रेजों ने सैकड़ो वर्षों तक देश पर राज किया वही बांग्लादेश पाकिस्तान व अन्य देशों सहित हमारी भौगोलिक सीमा अफगानिस्तान से लेकर म्यांनमार्ग तक जाती थी हिंदू जब बंटता है तो देश को गुलामी के दौर से गुजरना पड़ा। कहा भी गया है कि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे,सभी को करनी का फल तो भोगना ही पड़ता है। आपने कहा कि इंसान को अपने अंतकरण से अपने आत्म स्वरूप का आकलन जरूर करना चाहिए , गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर का मार्ग बताने वाले हमारे गुरु ही होते हैं जो हमें जीवन में सद मार्ग बताकर जीवन को सही मंजिल पर पहुंचातें है। आपने कहा कि संघ समाज में अनेक क्षेत्र में 100 वर्षों से अधिक समय से काम करता आया है ओर आगे भी करता रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर भानपुर में क्रमशः तीन स्थानों पर गुरु गोविंद सिंह बस्ती शीतला माता बस्ती एवं शिवाजी बस्ती में गुरु पूर्णिमा पर्व पूरे उत्साह उमंग के साथ मनाया गया इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पवित्र भगवा ध्वज का पूजन कर अनुशासित रूप से सघं की प्रार्थना में भाग लिया तथा अपनी समर्पण राशि भेंट की।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर बच्चों ने शिक्षकों का तिलक कर किया सम्मान



**चापड़ा।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय माकड़िया में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का तिलक लगाकर सम्मान किया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान अध्यापक सुमेर सिंह सेंधव ने की। शुभारंभ ज्ञान की देवी मां शारदा के पूजन से हुआ, जिसमें शिक्षक सोमेश कलमकर, श्रवण कुमार चौहान, राकेश यादव एवं शैलेंद्र ने सहभागिता की। इस अवसर पर शिक्षक राकेश यादव ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता-पिता ही प्रत्येक व्यक्ति के प्रथम गुरु होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों एवं आध्यात्मिक गुरुओं का सदैव सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### संत सेवालाल महाराज के चित्र किए वितरित



**चापड़ा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम अंबाझर में संत सेवालाल महाराज के चित्रों का वितरण कर उनके सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्थान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने ग्रामीणों के बीच संत सेवालाल महाराज के चित्र वितरित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरोहित ने कहा कि संत सेवालाल महाराज का जीवन समाज सेवा, त्याग और मानव कल्याण का प्रतीक है। इसके बाद ग्रामीणों के घर-घर जाकर संत सेवालाल महाराज के चित्र वितरित किए।इस अवसर पर नरेंद्र ठाकुर, राकेश राजपूत, सुनील प्रजापत, सुदीप पाठक, बाबूलाल नायक, राधेश्याम नायक सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्राचार्य एवं प्राध्यापकों का किया सम्मान

**देवास।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, देवास में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। गुरु ही व्यक्ति को सही दिशा, संस्कार और सफलता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखने का आह्वान किया।

## सांदीपनि विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का सम्मान

# कलेक्टर बोले- विद्यार्थी की सफलता में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है

"गुरु पूर्णिमा पर शिक्षा और संस्कार का संगम: सांदीपनि विद्यालय में सम्मान समारोह, महारानी चिमनाबाई स्कूल में कलेक्टर ने छात्राओं को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले के दो प्रमुख शासकीय विद्यालयों में शिक्षा, संस्कार और गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का भव्य समापन समारोह हुआ, वहीं महारानी चिमनाबाई शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया।सांदीपनि विद्यालय में आयोजित समारोह में विधायक गायत्री राजे पवार मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गुरुजनों के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरक भाषणों और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के तीन शिक्षकों सहित कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि गुरु समाज के सच्चे पथप्रदर्शक होते हैं और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनके मार्गदर्शन से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार नवाचार कर रही है।कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी, विद्यार्थियों द्वारा विकसित मोबाइल एप, ओपन हार्ट सर्जरी और स्मार्ट स्ट्रीट लाइट जैसे वर्किंग मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के दौरान आयोजित निबंध, भाषण, संस्कृत श्लोक, संस्कृत गीत, गुरु वंदना, स्वच्छता एवं नशामुक्ति अभियान, वृक्षारोपण और अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।इधर महारानी चिमनाबाई शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का आधार कठिन परिश्रम, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और यही सफलता पूरे परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बदलने की क्षमता रखती है।कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा दुर्गा सोनी ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह का प्रेरणादायक साक्षात्कार लिया, जिसमें उन्होंने अपने प्रशासनिक सफर, अध्ययन और समय प्रबंधन के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले 21 शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



## 1,157 करोड़ का मुफ्त इलाज, 6 लाख से अधिक मरीजों को मिला आयुष्मान योजना का लाभ

### सांसद सोलंकी ने लोकसभा में पूछा था प्रश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि देवास संसदीय क्षेत्र के 6.05 लाख से अधिक मरीजों को अब तक 1,157.28 करोड़ रुपये का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि देवास संसदीय क्षेत्र में शामिल देवास, सीहोर, शाजापुर एवं आगर मालवा जिलों में आयुष्मान भारत योजना का व्यापक लाभ आमजन तक पहुंच रहा है।

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए देवास जिले में 265 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किए जा रहे हैं, जहां लोगों को विभिन्न प्रकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत चारों जिलों में 35 लाख से अधिक नागरिकों की आभा (ABHA) आईडी बनाई जा चुकी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे जा सकेंगे और उपचार की प्रक्रिया अधिक सरल होगी। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान देवास जिले में 1.48 लाख, सीहोर में 2.39 लाख, शाजापुर में 1.16 लाख तथा आगर मालवा में 50 हजार से अधिक नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इससे पात्र हितग्राहियों को कैशलेस उपचार की सुविधा का लाभ मिल रहा है। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। आयुष्मान भारत योजना और डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी देवास शाजापुर लोकसभा मीडिया प्रभारी शेखर कौशल द्वारा दी गई।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा पर प्राचार्य व प्राध्यापकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, देवास में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। गुरु ही व्यक्ति को सही दिशा, संस्कार और सफलता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दी गईं तथा शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की गई। इस अवसर दिलराज गौड़ ,रूखमणि बेस, मनजीत ठाकुर , संजय बोडाना, अंशुल, अमन, दीपक, कुंदन , सद्दाम शाह और एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।।

### जिला अभिभाषक संघ ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव




**देवास।** जिला अभिभाषक संघ द्वारा बुधवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित संघ के सभा कक्ष में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने गुरु परंपरा का स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्यवंशी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं एवं अपनी मां भी गुरु ही हे जिसने जन्म दिया। गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से गुरुजनों के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संघ के सचिव चंद्रपाल सिंह सोलंकी एवं रघुवीर यार्दी, बाबूलाल ठाकुर, अनीता ठाकुर, सुरेश चौधरी नूर अख्तर मेव, प्रदीप भार्गव ने भी अपने अपने गुरु जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विशाल तिवारी, गीता शर्मा, सह सचिव अशोक कुमार गुजराती, सह सचिव दीपिका सुनहरी, पुस्तकालय सचिव विजय सोनी, पुस्तकालय सचिव सरिता उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत शर्मा ने किया।

### उल्लास-एक अभिनव प्रयोग का शुभारंभ, 03 एवं 04 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**देवास।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास कपिल मेहता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा ₹उल्लास-एक अभिनव प्रयोग₹ योजना प्रारंभ की जा रही है। यह योजना माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के जिला एवं तहसील न्यायालयों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य, क्षमता संवर्धन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके सर्वांगीण कल्याण के लिए जारी एडवायजरी अनुक्रम में संचालित की जा रही है।योजना के शुभारंभ के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत अधिवक्तागण एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 03 अगस्त को, न्यायाधीशगण, जिला न्यायालय के कर्मचारीगण एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 04 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक ए.डी.आर. केंद्र, जिला न्यायालय परिसर देवास में शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का आयोजन एल.एन.सी.टी. मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा जिला अधिवक्ता संघ देवास के सहयोग से किया जा रहा है।शिविर में हृदय रोग, मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, सर्जरी, शिशु रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग तथा नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा। परीक्षण उपरांत आवश्यकता होने पर सी.टी. स्कैन / एम.आर.आई., सोनोग्राफी, ईकोकार्डियोग्राफी, ई.सी.जी. एवं एक्स-रे की सुविधा तथा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में पंजीयन, परीक्षण, परामर्श, दवाई एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा आयोजक अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

# माता के जयघोष के साथ 20वीं साइकिल यात्रा वैष्णो देवी धाम रवाना, देंगे जनजागरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बी.आर.के. संस्था एवं नरेंद्र मोदी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20वीं वार्षिक साइकिल यात्रा बुधवार को महाकाल कॉलोनी स्थित माँ वैष्णो देवी धाम मंदिर से जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित माँ वैष्णो देवी धाम के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। करीब 2100 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का नेतृत्व लोकेश विजयवर्गीय कर रहे हैं।संस्था अध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक दीपक पाटनकर ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य केवल माँ वैष्णो देवी के दर्शन करना नहीं, बल्कि पूरे मार्ग में सामाजिक जागरूकता का संदेश भी फैलाना है। यात्रा के दौरान साइकिल यात्री रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, स्टॉप डेम निर्माण से जल संरक्षण, जैविक खेती, योग, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत-श्रेष्ठ भारत, नशा मुक्ति और पहली रोटी गाय की जैसे प्रेरक संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।यात्रा रवाना होने से पहले आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार सहित यात्रा प्रभारी लोकेश विजयवर्गीय, योग गुरु राजेश बैरागी, भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह परिहार, विश्व हिंदू परिषद के रमेश कौशल, पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान ने सभी साइकिल यात्रियों का 'जय माता दी' लिखे अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि दीपक पाटनकर के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों से यह साइकिल यात्रा लगातार आयोजित हो रही है। लगभग 2100 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण यात्रा में अनेक कठिनाइयाँ आती हैं, लेकिन माँ तुलजा भवानी, माँ चामुंडा और माँ वैष्णो देवी की कृपा से सभी यात्री हर वर्ष सकुशल दर्शन कर देवास लौटते हैं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुरक्षित एवं सफल यात्रा की मंगलकामना की।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# चर्चा कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्रदेवास।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार एवं प्रदेश अध्यक्ष मोना कौरव के निर्देशानुसार संगठन की देवास की जिला कार्यकारिणी की बैठक 28 जुलाई को उज्जैन रोड स्थित अमर मोहिनी होटल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी गतिविधियों तथा प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्यों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

बैठक में प्रमुख रूप से देवास के पूर्व महापौर ठाकुर जय सिंह, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के उज्जैन संभाग प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उज्जैन करण कुमारिया सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक कुंवर मलखान सिंह देवड़ा ने संगठन द्वारा समय-समय पर आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुए आगामी संगठनात्मक रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने तथा प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को पोप सिंह परिहार, दिनेश बैरागी, अनिल गोस्वामी, डॉ. रितेश शर्मा, पंकज वर्मा, लुकमान अली तथा अंतर सिंह भंडारी ने भी संबोधित किया और संगठन की मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश सिंह चांदना, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी जितेंद्र सिंह गौड़, गजराज सिंह गोहिल, रमेश गुर्जर, ईश्वर सिसोदिया, भंवर सिंह नानूखेड़ी, बालकृष्ण पटेल, विक्रम चौधरी, लोकेंद्र सिंह सिसोदिया, श्रीराम गुर्जर, सुनील मालवीय, सुरेंद्र यादव, गुणेश सिंह चौधरी, राजेंद्र पांडे, वीरेंद्र सिंह, दुलीचंद अटरिया, कपिल पड़ियार, अर्जुन सिंह राजपूत, जितेंद्र जायसवाल, राजमल पटेल, दिलीप सिंह गोयल, श्रवण सिंह, महेश चौधरी, डॉ. मनोहर पटेल, राजकुमार (जनपद), दीपक मोदी, संजय रेवल, विजेंद्र सिंह राठौड़, भंवर दादा, अंकुर भंडारी, अंकित जैन, केदार पटेल, आर.एस. धनवारे, पीयूष जाजड़ा सहित राजीव गांधी पंचायती राज संगठन एवं कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार कुंवर धन सिंह सोलंकी ने व्यक्त किया।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर समीपस्थ कैलाश नगर हाई स्कूल में शिक्षकों के सम्मान एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों का पुष्पमाला और तिलक लगाकर सम्मान किया गया तथा 42 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।समारोह की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने की, जबकि अखिल बडौला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोविंद यादव ने कहा कि गुरु अपने ज्ञान के प्रकाश से समाज में व्याप्त अज्ञानता के अंधकार को दूर कर मनुष्य को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान प्रेरक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद भी किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य मोहन मंशारे सहित शीला चावड़ा, बद्रीलाल तंवर, नेमीचंद भुसारिया, मेहमूद शाह, महेश चौहान, धर्मेंद्र सौरठ, दिनेश चौहान, कैलाश चौहान और नौशाद खान ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के 42 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके। समारोह का संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली ने किया, जबकि अंत में प्राचार्य मोहन मंशारे ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### सब्जी लेने बाजार गया 13 वर्षीय छात्र लापता

**ललितपुर।** बानपुर थाना क्षेत्र में सब्जी खरीदने बाजार गया 13 वर्षीय छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने दो दिन तक रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस से शिकायत की। दादी की तहरीर पर बानपुर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है। बानपुर थाना क्षेत्र के मजरा गोलिया घाट निवासी सुआबाई पत्नी रामदास अहिरवार ने बताया कि उनका 13 वर्षीय नाती सूर्यप्रकाश अहिरवार, पुत्र लक्ष्मण अहिरवार, कक्षा आठ का छात्र है। रविवार को दोपहर करीब तीन बजे वह घर से बाजार सब्जी लेने के लिए निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने बाजार, आसपास के इलाकों तथा रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन छात्र का कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजन बानपुर थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। परिजनों के अनुसार, सूर्यप्रकाश का रंग गेहूंआ है तथा उसकी लंबाई करीब चार फीट छह इंच है। घटना के समय वह सफेद चौकड़ीदार शर्ट और सरकारी स्कूल की पैंट पहने हुए था। उसके गले में लाल धागे में चांदी की पुतरिया (ताबीज) भी बंधी हुई है। पुलिस ने इस हुलिए के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दादी सुआबाई की तहरीर पर बानपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज कर ली है।

### फल विक्रेता महिला से मारपीट की

**ललितपुर।** महरौनी कस्बे में मड़ावरा रोड स्थित सरकारी अस्पताल के पास फल की दुकान लगाने वाली एक महिला के साथ अकारण गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर महरौनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महरौनी की मास्टर कॉलोनी निवासी रामा देवी पत्नी धनीराम 27 जुलाई की शाम करीब 7 बजे मंडावरा रोड स्थित सरकारी अस्पताल के पास अपनी फल की दुकान लगाए थीं। इसी दौरान गणेश पूर्णिमा (काशी बिहार), मडावरा रोड निवासी बालकिशन पुत्र बल्दू वहां पहुंचा और बिना किसी बात के महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी को गालियां देने से मना किया तो वह आगबबूला हो गया और लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। लोगों को आता देख आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महरौनी पुलिस ने पीड़िता रामा देवी की तहरीर के आधार पर आरोपी बालकिशन पुत्र बल्दू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जाखलौन में पिकअप वाहन रोकने का मामला निकला गलतफहमी

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन को रोकने और कथित लूट के प्रयास की सूचना की जांच में मामला गलतफहमी का निकला। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि लूट के प्रयास के लगाए गए आरोप पूरी तरह असत्य एवं निराधार हैं। मामले में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई की रात्रि डायल-112 पर एक पिकअप वाहन चालक ने कुछ लोगों द्वारा उसका वाहन रोकने का प्रयास किए जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही थाना जाखलौन पुलिस एवं पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच की। जांच में पता चला कि कुछ ग्रामीण अपने खेतों की रखवाली कर रहे थे। उन्हें संदेह हुआ कि संबंधित पिकअप वाहन आवारा पशुओं को छोडऩे आया है। इसी भ्रम में उन्होंने वाहन को रोकने का प्रयास किया। हालांकि वाहन चालक ने वाहन नहीं रोका और कुछ दूरी आगे जाकर वाहन खड़ा कर डायल-112 पर सूचना दे दी।

---

लापरवाही : सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी, घरों में सूखे नल

# कबीर मंदिर वाली गली में जल संकट और बर्बादी का दोहरा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गांधी नगर स्थित कबीर मंदिर वाली गली में जल संस्थान और जल निगम की लापरवाही से स्थानीय लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। एक ओर मुख्य पेयजल पाइपलाइन की टी (जोड़) खुली होने के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर शुद्ध पेयजल सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर मोहल्ले के घरों में लगे नलों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई महीनों से चली आ रही इस समस्या की जानकारी संबंधित विभागों को देने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इससे क्षेत्रवासियों में जल संस्थान और जल निगम के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मुख्य पाइपलाइन की टी काफी समय से खुली हुई है, जिससे लगातार तेज धार के साथ पानी बह रहा है। सुबह के समय पूरी गली में पानी बहता दिखाई देता है, लेकिन इसी क्षेत्र के कई घरों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। जलापूर्ति प्रभावित होने से लोगों को मजबूरी में हैंडपंप, निजी बोरिंग और टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक तरफ सरकार जल संरक्षण और हर बूंद पानी बचाने का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार विभागों की उदासीनता के चलते हजारों

**7-8 महीने से खुदी सड़क बनी परेशानी का कारण**



लीटर स्वच्छ पेयजल रोजाना बर्बाद हो रहा है। कबीर मंदिर वाली गली में जलापूर्ति की समस्या के साथ ही सड़क की बदहाली भी लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पाइपलाइन अथवा अन्य कार्य के लिए करीब 7-8 महीने पहले सड़क खोदी गई थी, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़क के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, जबकि गर्मी में धूल से लोग परेशान रहते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि खराब सड़क के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। कई बार बच्चे गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बारिश के दौरान सड़क पर भरे पानी के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने बताया कि वाहन चालक भी खराब रास्ते के कारण दुर्घटना के खतरे के बीच निकलने को मजबूर हैं।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार जल संस्थान, जल निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोगों ने मांग की है कि पाइपलाइन की खुली टी को तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे पानी की बर्बादी रोकी जा सके और नियमित जलापूर्ति बहाल हो। इसके साथ ही महीनों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग भी की गई है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह संबंधित विभागों के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है, लेकिन लापरवाही के कारण आम जनता परेशान हो रही है।

---

## पुलिस ने चोरी की बाइक और मोबाइल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में जखौरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना जखौरा में दर्ज मु.अ.सं. 163/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत चोरी के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। वादी द्वारा 25 जून 2026 को सूचना दी गई थी कि उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है। घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, जमीनी सूचनाओं एवं सर्विलांस से प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम जैरवारा निवासी रोहित राजा पुत्र गजेन्द्र राजा, सोनू सहरिया पुत्र अमन सहरिया के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई एक हीरो मोटरसाइकिल और रेडमी कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना जखौरा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

चापड़-चाकू व रॉड से किए ताबड़तोड़ वार

## देवगढ़ रोड ओवरब्रिज पर नाबालिग पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के देवगढ़ रोड ओवरब्रिज पर सोमवार रात शराब पी रहे युवकों द्वारा एक 16 वर्षीय किशोर पर चापड़, चाकू और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुगपुरा देवगढ़ रोड निवासी नंद राम यादव का 16 वर्षीय पुत्र ऋषि यादव सोमवार रात करीब 9.10 बजे अपने चचेरे भाई विकास के साथ बाइक से बाजार से मोबाइल ठीक कराकर घर लौट रहा था। दोनों जैसे ही देवगढ़ रोड ओवरब्रिज पर पहुंचे, वहां पहले से पुल की पट्टी पर बैठकर शराब पी रहे नेहरू नगर निवासी निक्की यादव, जयदेव, यादवेन्द्र, छोटू, यश तथा उनके अन्य साथियों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब ऋषि ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जयदेव ने विकास को थप्पड़ मार दिया और ऋषि का गिरेबान पकड़ लिया। तभी छोटू ने पीछे से ऋषि के दोनों हाथ पकड़ लिए, जबकि अन्य आरोपियों ने चापड़, चाकू और लोहे की रॉड से उसके सिर व शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से ऋषि लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जुटती देख सभी आरोपी अपनी-अपनी मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गए। परिजनों के अनुसार घायल किशोर करीब 20 से 25 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

चिकित्सकों के अनुसार किशोर के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के समय उसके पिता नंद राम यादव बेटे के उपचार में व्यस्त थे, जिसके चलते वह तत्काल थाने नहीं पहुंच सके। मंगलवार को उन्होंने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। कोतवाली पुलिस ने निक्की यादव, जयदेव, यादवेन्द्र, छोटू, यश तथा अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

---

आईटीआई के पास पेट्रोल पंप पर हुई वारदात

## शराब के लिए रुपए न देने पर युवक व माता पिता पर किया जानलेवा हमला, पिता की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के आईटीआई के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर शराब पीने के लिए रुपए मांगने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। दबंगों ने पहले एक युवक पर लाठी-सरियों से जानलेवा हमला किया और बाद में गवाही देने की आशंका में उसके माता-पिता को भी बेरहमी से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान वृद्ध घनश्याम यादव की मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे को अब हत्या की धाराओं में तरमीम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया है। सिद्दनपुरा निवासी किरन पत्नी कृष्णपाल यादव ने तहरीर में बताया गया कि 28 जुलाई की सुबह करीब 9.30 बजे उनके पति

**हत्या के बाद पुलिस की चार टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं**

कृष्णपाल यादव आईटीआई के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान इन्दल सिंह यादव, पुष्पेन्द्र यादव, प्रधान यादव, चंचल अहिरवार, दीपक यादव, सनत परिहार, राजराजा सहित अन्य लोग लाठी और सरिया लेकर वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। कृष्णपाल द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते उन पर लाठी-सरियों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने उन्हें तब तक पीटा जब तक वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर नहीं गिर पड़े। घटना की सूचना मिलने पर किरन मौके पर पहुंचीं तो आरोपी कृष्णपाल को मृत समझकर जान से मारने की धमकी देते हुए वाहनों से भागने लगे। इसी दौरान केंद्रीय विद्यालय के पास कृष्णपाल के माता-पिता घनश्याम यादव और गुडडी आते दिखाई दिए। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों का रास्ता रोक लिया और यह कहते हुए हमला कर दिया कि यदि इन्हें छोड़ दिया गया तो ये उनके खिलाफ गवाही देंगे। इसके बाद दोनों वृद्धों पर भी लाठी और सरियों से ताबड़तोड़ हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। परिजनों ने तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया।

कोतवाली पुलिस के अनुसार बुधवार शाम सूचना मिली कि गंभीर रूप से घायल घनश्याम यादव की मेडिकल कॉलेज झांसी में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं कृष्णपाल यादव और गुड्डी का इलाज जारी है।

---

दतिया विधानसभा उपचुनाव

## 30 जुलाई को मध्य प्रदेश के मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मध्य प्रदेश राज्य की 22-दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उप निर्वाचन के लिए 30 जुलाई 2026 को मतदान के अवसर पर मप्र के मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार ने जानकारी दी है। यह निर्णय कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के पत्र संख्या 592 दिनांक 27 जुलाई 2026 तथा उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की 24 जुलाई 2026 की विज्ञप्ति के क्रम में लिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह सुविधा विशेष रूप से उन मतदाताओं को भी मिलेगी, जो मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं, लेकिन आजीविका के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले में दैनिक श्रमिक अथवा अन्य कार्यों में कार्यरत हैं। ऐसे सभी पात्र मतदाताओं को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानों के तहत मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा, ताकि वह अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं निर्बाध रूप से प्रयोग कर सके।

---

मरौली गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## शराब के नशे में चले लाठी व डंडे, दोनों ओर से कई घायल

**ललितपुर।** बार थाना क्षेत्र के ग्राम मरौली में सोमवार रात शराब के नशे में हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना के दौरान एक पक्ष ने दूसरे की मोटरसाइकिल में तोडफ़ोड़ करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के पुरुषोत्तम पुत्र भगवानदास राजपूत ने बताया कि 27 जुलाई की रात करीब 8 बजे गांव के अंगद, छत्रपाल, सुरेन्द्र और यशवन्त उनके दरवाजे पर शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे राघवेन्द्र, निहाल सिंह और अजीत पाल के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के अंगद सिंह पुत्र राजाराम राजपूत ने आरोप लगाया कि उसी रात करीब 8 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गब्बर, प्रवेन्द्र, अजीतपाल और पुरुषोत्तम वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

---

मां और दो मासूमों की हुई थी मौत, 5 वर्षीय बेटी बची

## दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने तीन बच्चों संग ट्रेन के आगे लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र में गृहक्लेश और कथित दहेज प्रताड़ना से जुड़ी एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। पति की लगातार मारपीट और प्रताड़ना से परेशान होकर एक महिला ने अपने तीन मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। इस दर्दनाक हादसे में महिला और उसके दो छोटे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच वर्षीय बेटी सुरक्षित बच गई।

जाखलौन थाना क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के समीप हुई इस घटना के संबंध में मृतका की मां की शिकायत पर आरोपी पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जाखलौन थाने में दर्ज कराई गई तहरीर में ग्राम धौर्रा निवासी लीलावती पत्नी स्व.गोविंद यादव ने बताया कि उनकी पुत्री दीपा का विवाह थाना पाली के ग्राम चंदेरा व हाल धौर्रा निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र भैय्यन यादव के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही आरोपी पति आए दिन उनकी पुत्री के साथ मारपीट करता था। आरोप है कि 26 जुलाई की शाम को भी उसने दीपा के साथ मारपीट की तथा 27 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे फिर से उसके साथ मारपीट की। इसकी जानकारी दीपा ने अपनी मां और आसपास के लोगों को भी दी थी। बताया गया है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से आहत होकर 27 जुलाई की सुबह करीब 8.30 बजे दीपा अपने तीन बच्चों शिवांशी (5 वर्ष), शिव्यांशा (3 वर्ष) और क्रिश (2 वर्ष) को साथ लेकर धौर्रा रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची और ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। हादसा इतना भीषण था कि दीपा, तीन वर्षीय शिव्यांशा और दो वर्षीय क्रिश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पांच वर्षीय बेटी शिवांशी किसी तरह सुरक्षित बच गई, जिसे उपचार और देखभाल के लिए परिजनों के सुपुर्द किया गया।

---

## ललितपुर में चकबंदी कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

21 साल से लंबित मौगान सहित दो गांवों की प्रक्रिया पूरी

# डीएम की नियमित समीक्षा का असर 75 गांवों में चल रहा चकबंदी कार्य

18 नए लेखपालों की तैनाती से मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में चकबंदी कार्यों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर लगातार किए जा रहे प्रयासों का असर अब दिखाई देने लगा है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन और नियमित समीक्षा के चलते वर्षों से लंबित चकबंदी प्रक्रियाओं में तेजी आई है। इसी क्रम में तहसील ललितपुर के ग्राम बरौदी नकीब और तहसील महरौनी के ग्राम मौगान की चकबंदी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें बरौदी नकीब की चकबंदी करीब 8 वर्ष तथा मौगान की चकबंदी लगभग 21 वर्ष से लंबित थी। जनपद में कुल 754 राजस्व ग्राम हैं,



जिनमें अब तक 194 ग्रामों की चकबंदी पूर्ण हो चुकी है। वर्तमान में 75 ग्रामों में विभिन्न चरणों में चकबंदी कार्य प्रगति पर है। प्रशासन का कहना है कि चकबंदी से संबंधित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत वर्तमान में विभिन्न गांवों में सर्वेक्षण, भू-चित्र संशोधन, पड़ताल, विनिमय अनुपात निर्धारण, अभिलेख शुद्धिकरण, चक सृजन और आपत्तियों के निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा भगवाहा और बमरोला गांवों में किसानों को नए चकों पर कब्जा दिलाकर कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। वहीं सूरीकलां, मऊमाफी, भगवाहा, बमरोला और छायन गांवों में अंतिम अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन गांवों में इसी वित्तीय वर्ष में कार्य पूर्ण कर धारा-52 के प्रकाशन का प्रस्ताव है। चकबंदी विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण कुछ गांवों में कार्य प्रभावित हो रहा था। अब जनपद को 18 नए चकबंदी लेखपाल स्थानांतरित किए गए हैं, जिनमें से 17 लेखपाल कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। नए कर्मचारियों की तैनाती से लंबित और रुके हुए कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। जिला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार के विशेष प्रयासों से जिले के सभी 16 सहायक चकबंदी अधिकारी न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है। अब इन न्यायालयों में सीसीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन वादों का निस्तारण किया जा रहा है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जा सका है। प्रशासन के अनुसार वर्तमान में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एवं उपसंचालक चकबंदी न्यायालयों में तीन वर्ष से अधिक पुराना कोई वाद लंबित नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह चकबंदी कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

---

### रेलवे स्टेशन स्थित मंदिर के पास से बाइक चोरी

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित शंकरजी मंदिर के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चला। बाद में वाहन का पंजीयन नंबर मिलने पर उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मप्र के टीकमगढ़ जिले के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम बड़ागांव धसान निवासी राघवेन्द्र 3 जुलाई की रात करीब 11 बजे किसी कार्य से ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने अपनी नई बिना नंबर की बाइक स्टेशन के बाहर स्थित शंकरजी मंदिर के पास खड़ी की और मंदिर के चबूतरे पर आराम करने के लिए सो गए। रात करीब एक बजे जब उनकी आंख खुली तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी।

---

## सर्वब्राह्मण विकास परिषद महिला समिति के कानपुर प्रांत की प्रांत मंत्री बनीं गीता मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के गांधीनगर निवासी गीता मिश्रा को सर्वब्राह्मण विकास परिषद महिला समिति कानपुर प्रांत का प्रांत मंत्री मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। सर्वब्राह्मण विकास परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कमल किशोर अवस्थी ने प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी, राष्ट्रीय मंत्री एवं बुंदेलखंड प्रभारी राजीव रिछारिया तथा महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष पूजा शुक्ला की अनुशंसा पर गीता मिश्रा को यह दायित्व सौंपा है। परिषद की ओर से जारी मनोनयन पत्र के अनुसार सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। साथ ही परिषद ने स्पष्ट किया है कि संगठन के सभी पदाधिकारियों का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.कमल किशोर अवस्थी एड.द्वारा किया जाएगा। बताया गया कि कानपुर प्रांत के अंतर्गत कानपुर नगर, कानपुर देहात,



कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, फतेहपुर, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, वाराणसी, चंदौली, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर तथा सोनभद्र सहित अनेक जिले शामिल हैं। गीता मिश्रा ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी।

## संवाद से समाधान कार्यक्रम के दौरान लापरवाहों पर कलेक्टर की गाज

# दो बीई, एक एएनएम की वेतनवृद्धियां रोक दीं और एक को पद से हटाया

### नरसिंहगढ़ बीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को साकार करती कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की पहल संवाद से समाधान आमजन के लिए विश्वास और त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बन चुका है। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिलेभर से नागरिक अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास निरंतर मजबूत हो रहा है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों पर विस्तार से सुनवाई की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणवार आवश्यक कार्रवाई एवं समयसीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय योजनाओं के लाभ वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

### तीन की वेतनवृद्धियां तत्काल प्रभाव से रोकी गईं

इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में नसबंदी ऑपरेशन के बाद हितग्राही को प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराने संबंधी शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित बीई श्रीमती भावना मेवाडे की एक वेतन रोकने तथा पद से हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए। सारंगपुर अस्पताल में कराई गई नसबंदी के प्रोत्साहन राशि भुगतान में विलंब की शिकायत पर जांच उपरांत संबंधित संविदा लेखापाल एवं बीई की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

### नरसिंहगढ़ बीएमओ को शोकाज नोटिस

सिविल अस्पताल सारंगपुर में नसबंदी के भुगतान संबंधी शिकायत की समीक्षा में भुगतान होना पाया गया। वहीं इकलेरा में प्रसव उपरांत भुगतान लंबित रहने के प्रकरण में समग्र आईडी की त्रुटि सामने आने पर कलेक्टर ने संबंधित बीएमओ नरसिंहगढ़ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर शाजापुर को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

### एएनएम की वेतनवृद्धि रोकी, वेतन से काटी राशि

सुल्तानिया महिला चिकित्सालय भोपाल में प्रसव के बाद प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित रहने संबंधी शिकायत में एएनएम की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एएनएम की एक वेतनवृद्धि रोकने तथा उनके वेतन से 10 हजार रुपए काटकर हितग्राही को भुगतान कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्राप्त सभी पांच शिकायतों में जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।





## जनसुनवाई में गैरहाजिर अधिकारी पर कार्रवाई एक दिन का वेतन काटा, 5 हजार का जुर्माना

**राजगढ़।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ई-पीएचई विभाग के संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के साथ 5 हजार का अर्थदंड लगाया गया। जनसुनवाई के दौरान एक अलग तस्वीर भी सामने आई है जमीन के पुराने विवाद से वर्षों से परेशान एक पीड़ित न्याय की आस में अब तक दिए गए आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई पहुंचा। पीड़ित ने इस अनोखे तरीके से अपनी परेशानी और लंबे समय से चल रहे विवाद में न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित का कहना है कि वह लंबे समय से अपनी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है ऐसे में आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचने का उसका तरीका प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा करता है।

### कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने दी हाईवे जाम की चेतावनी, सुबह होते ही गांव पहुंचा प्रशासनिक अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



इन दिनों विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण हर इंसान को रात्रि में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा रात्रि में ग्रामीण क्षेत्र कई घंटो तक सप्लाई बंद कर दी जाती है। जिससे बच्चो की पढ़ाई के साथ-साथ बारिष में मच्छरों से होने वाली बिमारियों का भी सामना करना पड़ रहा।

ऐसे में ग्राम निवानिया के ग्रामीणों ने रात्रि करीब 1 बजे सोषल मिडिया के माध्यम से ग्रुप में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोष व्यक्त करते हुए सुबह ब्यावरा-सुठालिया स्टेट हाईवे को तलावली जोड़ के पास जाम करने की तैयारी की, जैसे ही यह सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को लगी, तो पूरा प्रषासनिक अमला को लेकर गांव में ही पहुंच गया। प्रषासनिक अमला में तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी, पटवारी, जेएई, लाईनमेन ने मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जहां ग्रामीणों ने संबंधित अमले के सामने अपना आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विगत एक हप्ते से ग्रामीण क्षेत्रों मे रात्रि के समय अघोषित बिजली कटौती से पूरा क्षेत्र परेषान है, क्या गांव में इंसान नहीं रहते है। आवष्यकता से ज्यादा बिल दे रहे है। अगर आप लोगों से क्षेत्र की व्यवस्था नहीं संभल रही है, तो अपना पद छोड़ दो। साथ ही सरकार के जनप्रतिनिधि भी ध्यान दे, आपके राज्य में जनता को इस समय सबसे ज्यादा परेषान किया जा रहा है। अगर समय रहते 3 दिन में व्यवस्थाओं को नहीं सुधारा तो क्षेत्र में लगने वाले सभी गांव के लोगों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होंगी। ग्रामीणों ने समस्याओं से भरा एक आवेदन संबंधित अमले का दिया और जल्द ही समस्याओं का समाधान करने की मांग रखी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य लखन यादव, सत्यनारायण यादव, हरिओम यादव, रामबाबू यादव, पटेल भगवान सिंह, पवन यादव, छगनसिह यादव, शिव यादव, भगवानसिह, गोलू, राहुल, सुरेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने लोडशेडिंग, अघोषित कटौती, बढ़े बिजली बिल व स्मार्ट मीटर को लेकर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही लोडसेटिंग, अघोषित बिजली कटौती, बढ़े हुए बिजली बिलों तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर बढ़ते जनअसंतोष के बीच मंगलवार को पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचकर सहायक अभियंता विद्यासागर सिंह से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने बिजली व्यवस्था में आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना घंटों बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ किसानों और व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि लोडशेडिंग के नाम पर लगातार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। साथ ही पिछले कुछ महीनों से उपभोक्ताओं को बढ़े हुए और मनमाने बिजली बिल दिए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाए जाने से भविष्य में बिल और अधिक आने की आशंका को लेकर भी लोगों में चिंता है। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, कांग्रेस शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, किसान कांग्रेस के राधेश्याम काका, पूर्व जिला महासचिव निजाम कुरैशी, गौरव शर्मा एवं खलील खां सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में चला रहे थे वाहन, लगाई पुलिस की फर्जी प्लेट, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




आमजनों के सामने अपना कदम बढ़ाने के उद्धेश्य से लोगों द्वारा अपने वाहनों पर पुलिस लिखी प्लेट लगाने के मामले आम नहीं हैं। बहुत बार पुलिस विभाग से ताल्लुक न रखने के बावजूद युवक कार आदि पर पुलिस की प्लेट लगा लेते हैं। एक ऐसे ही मामले में दो युवकों पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में चालानी कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार गवाकापुरा गांव निवासी जीतेंद्र तंवर और चमारी गांव निवासी कैलाशचंद्र तंवर नाम के युवकों ने स्कार्पियो वाहन पर नंबर प्लेट के स्थान पर बड़े अक्षरों में पुलिस लिखी प्लेट लगा ली। यह दोनों युवक मंगलवार को शराब के नशे में उक्त स्कार्पियो को दौड़ा रहे थे। पुलिस को सूचना मिलने पर दोनों युवकों को थाने लाया गया। टीआई मंजू मखेनिया ने बताया कि युवकों पर शराब पीकर वाहन चलाने, फर्जी नंबर प्लेट लगाने सहित अन्य धाराओं में चालानी कार्रवाई की गई है।


### चोरी के उद्धेश्य से ताला खोला

समीपस्थ एक गांव निवासी कक्षा छटवीं में अध्ययनरत 11 वर्षीय एक छात्र को कन्याशाला के पास स्थित एक घर का ताला चोरी के मकसद से खोलने पर परिजनों द्वारा पकड़ लिया गया। बालक को थाने लाया गया और बाद में परिजनों को बुलाकर उसकी काउन्सलिंग कार्रवाई की गई। बालक को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

## एबीवीपी की नगर कार्यकारिणी गठित, सौंपे दायित्व

### कॉलेज में आयोजित किया गया प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ की नगर ईकाई का प्रशिक्षण शिविर पीएम श्री महाविद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान विभाग संयोजक अमन व्यास एवं जिला संयोजक शुभम शर्मा की उपस्थिति मे नगर कार्यकारिणी भी गठित की गई।

प्रशिक्षण शिविर में संगठन की कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, कार्यकर्ता आचरण, कार्य विस्तार एवं विद्यार्थी परिषद की विचारधारा पर विस्तृत चर्चा की गई। विभाग संयोजक अमन व्यास ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, आचरण, कार्य विस्तार तथा परिषद के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला संयोजक शर्मा ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। उन्होंने नवनियुक्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा रखी कि सभी पदाधिकारी समर्पण भाव से संगठन हेतु कार्य करते रहेंगे।

### यह है नवीन नगर कार्यकारिणी

नगर कार्यकारिणी में नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, नगर अध्यक्ष डॉ. आराधना यादव, नगर सह मंत्री आकाश मेवाड़े, उदय बना, अदनान खान, सुनीता वर्मा, राजेश दाँगी को बनाया। महाविद्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी नितिज्ञ उड़नकर को सौंपी। सह प्रमुख भावना को बनाया। अन्य पदाधिकारियों में जतीन सोनगरा, लोकेश सोनी, सोनू दाँगी, रुद्र जयसवाल, स्वयं टेलर, देवराज, टीना, पंकज गुर्जर, हर्ष, दीपक धाकड़ व कार्यकर्ता रिषभ, अनमोल, गौतम, वसु शामिल हैं।

### शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों में सीएलसी द्वितीय चरण के प्रवेश की अंतिम तिथि 31 तक

जीरापुर। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में चल रही ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के सीएलसी द्वितीय चरण के तहत ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वे तत्काल ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत किसी भी नजदीकी ऑनलाइन सेंटर या नजदीकी शासकीय महाविद्यालय जाकर संबंधित संकाय में रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश हेतु आवेदन करें। प्रतिदिन दोपहर 3बजे तक पंजीयन और चॉइस फिलिंग का विकल्प और 4बजे तक हेल्प सेंटर द्वारा प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन,शाम 5बजे प्रतिदिन आवंटन सूची जारी होगी, अगले दिन शाम 4बजे तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होग,यदि आवंटन जारी नहीं होता है तो 31 जुलाई तक प्रतिदिन चॉइस बदलनी होगी।उक्त जानकारी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिमांशु चास्ता , प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार ने दी।

### जनसुनवाई में पहुंचे देवझिरी, सुंदरपुरा के ग्रामीण भूमि से अतिक्रमण हटाने दिया आवेदन

**हरिभूमि न्यूज. राजगढ़।** मुख्यालय समीपस्थ सुंदरपुरा और देवझिरी की चरनोई भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। दोनों गांवों के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और आरोप लगाया कि वनविभाग द्वारा राजस्व विभाग की चरनोई भूमि पर कब्जा कर सीमांकन एवं गड्डों की खुदाई कराई जा रही हैं। इससे वर्षों से पशुओं के चरने के लिए उपयोग की जा रही जमीन प्रभावित हो रही है। शिकायती आवेदन में बताया गया कि दोनों ग्रामों के लोग बरसों से इस भूमि का उपयोग पशुओं के चरागाह के रूप में करते आ रहे हैं। हाल के दिनों में जेसीबी और अन्य मशीनों से भूमि पर खुदाई कर नए निशान लगाए जा रहे हैं। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्हें बताया गया कि यह कार्य विभागीय निर्देशों के तहत किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। यदि चरनोई भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे तत्काल हटाकर भूमि को पुनः पशुओं के उपयोग के लिए सुरक्षित किया जाए। इस आवेदन पर गांव के अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर करते हुए आवेदन की प्रति वनमंडल अधिकारी, एसडीएम राजगढ़ एवं तहसीलदार राजगढ़ को भी प्रेषित की है।

### एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

## विभिन्न समस्याओं और छात्र सुविधाओं में सुधार की मांग की



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं और छात्र सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई ने आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के नाम प्राचार्य संगीता गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले ब्लॉकध्शहर कांग्रेस कार्यालय आशा भवन से एनएसयूआई एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर महाविद्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन एनएसयूआई राजगढ़ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गुर्जर एवं शाजापुर जिलाध्यक्ष जय सिंह कराड़ा के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा, अनुशासन एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से छह प्रमुख मांगें रखी गईं। एनएसयूआई ने मांग की कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए ड्रेस (यूनिफॉर्म) व्यवस्था लागू की जाए, लंबे समय से बंद पड़े जिम को शीघ्र शुरू कराया जाए, प्रत्येक प्राध्यापक के लिए अलग केबिन की व्यवस्था की जाए, विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप सीटें बढ़ाई जाएं, स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर सभी आवश्यक विषय उपलब्ध कराए जाएं तथा महाविद्यालय परिसर में प्रवेश के दौरान सभी विद्यार्थियों के कॉलेज आईडी कार्ड की अनिवार्य जांच सुनिश्चित की जाए। एनएसयूआई जिलाध्यक्षों ने कहा कि यदि विद्यार्थियों से जुड़ी इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष पवन राज सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, युवक कांग्रेस के पदाधिकारी, एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 30-35 दिन की सोयाबीन फसल में इल्ली की निगरानी जरूरी, आवश्यकता होने पर ही करना चाहिए पहला स्प्रे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि 30-35 दिन की अवस्था में पहुंच चुकी सोयाबीन फसल में बिना आवश्यकता कीटनाशकों का छिड़काव न करें। इस समय किसानों को नियमित रूप से खेत का निरीक्षण करना चाहिए और केवल पत्ती खाने वाली इल्ली, जैसे सेमीलूपर या स्पोडोप्टेरा का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर तक पहुंचने पर ही अनुशंसित कीटनाशकों का प्रयोग करना चाहिए। विभाग के अनुसार स्वस्थ फसल पर अनावश्यक कीटनाशक छिड़काव करने से उत्पादन लागत बढ़ती है तथा लाभकारी कीटों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को सप्ताह में कम से कम दो बार अपने खेतों का निरीक्षण करने और कीटों की संख्या बढ़ने पर ही नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

### कृषि विभाग की प्रमुख सलाह

खेत का नियमित निरीक्षण करें। इल्ली का प्रकोप दिखाई देने पर ही पहला कीटनाशक स्प्रे करें कीटनाशक का उपयोग कृषि विभाग की अनुशंसित मात्रा एवं लेबल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार ही करें।छिड़काव सुबह या शाम के समय करें तथा तेज हवा या वर्षा की संभावना होने पर स्प्रे से बचें। कृषि विभाग का कहना है कि समय पर निगरानी और आवश्यकता अनुसार किए गए नियंत्रण उपायों से फसल सुरक्षित रहती है, उत्पादन लागत कम होती है तथा बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर कृषि विभाग से एसएडीओ राजेश राजपूत, बीटीएम राकेश कुमार परमार, कृषि विस्तार अधिकारी रोहित जाटव तथा उद्यानिकी विभाग से रितेश परमार उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया एमआरएफ, कंपोस्ट प्लांट व डंपसाइट का औचक निरीक्षण

## कमियां मिलने पर जताई नाराजगी, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



जिला कलेक्टर किशोर कन्याल द्वारा मंगलवार को नगर पालिका क्षेत्र में स्थित एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी), कंपोस्ट प्लांट एवं डंपसाइट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निपटान में कई तरह की कमियां पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर किशोर कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए स्पष्ट कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था में तुरंत सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण और निस्तारण की पूरी प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित करने के कड़े निर्देश जारी किए। इसके अलावा उन्होंने डंपसाइट और एमआरएफ परिसर की नियमित निगरानी करने, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आमजन को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरे करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण तेज सिंह यादव उपस्थित रहे। वहीं नगर पालिका की ओर से उपयंत्री नितिन चंदेल, शकील खान तथा सिद्धिविनायक टीम से टीम लीडर पंकज जाधव एवं धर्मेंद्र धाकड़ मौके पर मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में 296 आवेदनों पर सुनवाई राजस्व पंचायत की संयुक्त व्यवस्था रही

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर एडीएम अखिलेश जैन एवं जिपं सीईओ अभिषेक दुबे ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 296 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था के चलते कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जनसुनवाई में राजस्व अधिकारियों एवं पंचायत विभाग की पूरी टीम को संयुक्त रूप से बैठाया गया, ताकि दोनों विभागों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनसुनवाई में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही जांच तथा निःशुल्क कानूनी सहायता सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनका बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया।